प्रकाशनार्थ, 20 सितम्बर, गोरखपुर।

रक्तदान शिविर

रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, गोरखपुर के स्थापना दिवस पर यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर में गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

शिविर का उद्घाटन ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर के प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ.बी.एन.चौधरी ने किया।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी ने डॉ अवधेश अग्रवाल ने रेलवे सुरक्षा बल के रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि रक्तदान महादान है रक्तदाता रक्तदान करके मानवता की अभीष्ट श्रेणी में स्थापित होने का कार्य करते हैं। एक रक्तदाता के रक्तदान करने से चार लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है।

आज के रक्तदान शिविर में सुरक्षा बल के मनोज कुमार, हरिओम, जितिन प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, नीरा श्रीवास्तव, सौरभ मल्ल, मुकेश कुमार, दीपिका यादव, रवि कुमार, अमित कुमार, प्रियंका सिंह, कविता मीनू सहित 30 रक्तदाताओं ने शिविर में रक्तदान किया।

इस अवसर पर यांत्रिक कारखाना में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय ब्लड बैंक के तकनीशियन गिरीश निधि गुंजा इत्यादि ने कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया